कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम 2019-20

जीवन में कैरियर का चुनाव करना आसन नहीं होता |यह जीवन में उठाया गया एक महतवपूर्ण कदम होता है जिस पर हमारा पूरा जीवन निर्भर करता है खासतौर पर किशोरावस्था में | इसी अवस्था में विद्यार्थियों को दसवी के परीक्षा परिणाम के पश्चात् विभिन्न विषयों को चुनाव करना पड़ता है| इसके लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ती है | इसी कार्य में मदद करने हेतु सेंट मोंटफोर्ट स्कूल विदयालय में एक कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया | जिसमे दसवी कक्षा के सभी छात्र - छात्राओं ने भाग लिया तथा इसके महत्व को समझा | "कम्युनिटी साइकोलोजी काउंसलिंग " द्वारा डॉ रीना राजपूत की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इसके अंतर्गत डॉ. रीना राजपूत के सभी विद्यार्थियों से उनकी सेहत के बारे में तथा किशोरावस्था में आने वाले विभीन्न परिवर्तनों के बारे में बात की , उन्हें बुरी संगतों तथा आदतों से बचने की सलाह दी |साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुसार कैरियर चुनने की सलाह दी | उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की किसी भी विषय का चुना तय्यारी के साथ करे तभी हमें लक्ष्य की प्राप्ति होती है | आज विद्यार्थियों के लिए विज्ञानं , कला तथा वाणिज्य के अतिरिक्त अन्य बहुत से क्षेत्र है जिनको अपनाकर वे अपने जीवन में नई उपलब्धियों को प्राप्ति कर सकते है | कार्यक्रम के अन्त में छात्र -छात्राओं ने डॉ. रीना राजपूत से अनेक प्रकार के प्रश्न किये जिनका समाधान किया गया | यहाँ कार्यक्रम अति फलदायी रहा | विद्यार्थियों इस कार्यक्रम से संतुष्ट दिखाई दिए |